**आकाशवाणी**
**देहरादून (उत्तराखण्ड)**

**बुधवार 18.12.2024** **समय 1830**

**मुख्य समाचार :–**

- **उत्तराखंड में जनवरी 2025 से लागू होगी समान नागरिक संहिता। मुख्यमंत्री ने कहा– यू.सी.सी, सामाजिक समानता और एकता को सशक्त करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।**

- **स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने आज बागेश्वर में विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया।**

- **पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा ने अधिकारियों को केंद्र व राज्य पोषित योजनाओं का शत–प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए।**

- **टिहरी जिले में कल से भाुरू होगा एक्रो फेस्टिवल 2024 ।**

**यूसीसी**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि उत्तराखंड में जनवरी 2025 से समान नागरिक संहिता लागू की जाएगी। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आज देहरादून में उत्तराखंड निवेश और आधारिक संरचना विकास बोर्ड की बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को यूसीसी लागू करने के निर्देश दिए। श्री धामी ने कहा कि विधेयक पर राष्ट्रपति की सहमति मिलने के बाद 12 मार्च, 2024 को इसका नोटिफिकेशन जारी किया गया। इसी क्रम में अब समान नागरिक संहिता, उत्तराखण्ड 2024 अधिनियम की नियमावली भी तैयार कर ली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड यूसीसी लागू करने वाला देश का पहला राज्य बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि यह कदम सामाजिक समानता और एकता को सशक्त करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।

**बागेश्वर दौरा**

स्वास्थ्य और शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने आज बागेश्वर में 2 करोड़ 51 लाख रुपये से अधिक की योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस अवसर पर डॉ रावत ने कहा कि इन योजनाओं के माध्यम से बागेश्वर की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाया जायेगा, जिससे आम लोगों को स्वास्थ सुविधाएं सुलभ हो सकेगी।

**सौरभ बहुगुणा**

पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा ने अधिकारियों को केंद्र व राज्य पोषित योजनाओं का शत–प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए। रुद्रप्रयाग में जिला योजना की बैठक लेते हुए श्री बहुगुणा ने कहा कि अधिकारी विकास कार्यों में पारदर्शिता व ईमानदारी से काम करें, ताकि जनता को समुचित लाभ मिल सके। इस अवसर पर उन्होंने चालू वित्तीय वर्ष के लिए जारी धनराशि को समय पर खर्च करने के निर्देश दिए।

**टिहरी एक्रो फेस्टिवल**

टिहरी जिले में कल से एक्रो फेस्टिवल 2024 की शुरुआत होने जा रही है। टिहरी झील पर होने वाला यह आयोजन साहसिक खेल प्रेमियों के लिए एक बेहतरीन अवसर लेकर आ रहा है। महोत्सव के दौरान विभिन्न प्रकार के साहसिक खेल, जैसे पैराग्लाइडिंग, रॉक क्लाइम्बिंग, और ट्रैकिंग का आयोजन किया जाएगा, जो रोमांच के शौकिनों के लिए एक अनूठा अनुभव साबित होगा। इस आयोजन में देश–विदेश से आने वाले साहसिक खेल प्रेमी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे और स्थानीय संस्कृति को भी करीब से जान सकेगें।

उत्तराखंड विकास पर्यटन परिषद के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी, कर्नल अश्विनी पुंडीर बताते हैं कि यह महोत्सव एक अनोखा कार्यक्रम होगा, जिसमें पर्यटकों को साहसिक गतिविधियों का एक उत्कृष्ट समागम देखने को मिलेगा।

**केंद्रीय शिक्षा मंत्री**

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि सरकार ने पिछले 10 वर्षों में अल्पसंख्यकों सहित गरीबों के जीवन को ऊपर उठाया है। नई दिल्ली में आज राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान आयोग के 20वें स्थापना दिवस पर श्री प्रधान ने कहा कि सरकार अपने आदर्श वाक्य – सबका साथ, सबका विश्वास पर चलती रही है। श्री प्रधान ने सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए पीएम आवास योजना और पीएम उज्ज्वला योजना जैसी सरकार की योजनाओं ने गरीबों और अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के उत्थान में मदद की है।

**चेन फेंसिंग**

प्रदेश के पर्वतीय जिलों में किसानों की आय बढ़ाने के लिए कृषि विभाग ने खेतों की सुरक्षा के लिए अभिनव पहल शुरू की है। योजना के तहत चमोली जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 4 सौ हेक्टेयर कृषि भूमि की चैन फेंसिंग की जा रही है। प्रभारी कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी राजेश खेतवाल ने बताया कि जिले में जंगली जानवरों द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है, जिसे देखते हुए विभाग द्वारा जिला योजना के तहत 2 करोड़ 86 लाख 75 हजार रुपये की लागत से 65 स्थानों पर चैन फेंसिंग का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 35 योजनाओं का कार्य पूरा हो चुका है, जबकि 27 योजनाओं का कार्य प्रगति पर है।

**बॉक्सिंग की मेजबानी**

38वें राष्ट्रीय खेलों के अंतर्गत पिथौरागढ़ जिले में बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय खेलों के भव्य आयोजन के लिए खेल विभाग तैयारियों को अंतिम रूप देना में जुटा है। पिथौरागढ़ के जिला क्रीड़ा अधिकारी अनूप बिष्ट ने ये जानकारी दी। आकाशवाणी से बातचीत में उन्होंने बताया कि खेलों के दृष्टिगत खेल स्थल पर पार्किंग, सड़क और लाइट साउंड सहित सभी कार्यों को 25 दिसंबर तक पूरा कर लिया जाएगा।

**रोस्टर**

चंपावत जिला अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी अब रोस्टर के आधार पर पूरा किया जा रहा है। महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के आदेश के तहत तीन जिलों के 8 स्त्री रोग विशेषज्ञ और 4 बाल रोग विशेषज्ञ समेत 12 डॉक्टर रोस्टर के आधार पर 10 और 15 दिन जिला अस्पताल में अपनी सेवाएं देंगे। जिला अस्पताल अधीक्षक डॉ. एच. एस. ह्यांकी ने बताया कि रोस्टर के आधार पर डॉक्टरों की तैनाती के आदेश दिए गए हैं।

**वाहन हादसा**

चंपावत जिले के पाटी क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना में आठ लोग घायल हो गये हैं। जिसमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज सुबह एक वाहन रीठा खाल से पाटी आ रहा था। इसी दौरान वे गागर के समीप अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया।

**मॉक ड्रिल**

देवप्रयाग के सौड़ में रेलवे परियोजना की निर्माणाधीन सुरंग में बाढ़ और भूस्खलन जैसी आपदाओं के दौरान प्रबंधन की व्यवस्थाओं को परखने के लिए मॉक ड्रिल की गई। मॉक ड्रिल के तहत सुरंग में फंसे 10 मजदूरों को सकुशल रेस्क्यू किया गया। मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत ने बताया कि मॉक ड्रिल का उद्देश्य राहत और बचाव कार्य के दौरान होने वाली कमियों को दूर करना है, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति से आसानी से निपटा जा सके।